तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **सुरेश कुमार बनाम** **लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार ओसिया)** सू.अ.अपील संख्या 131/2024	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
29–10–24	अपीलार्थी **सुरेश कुमार** निवासी **सेवकी कल्ला बावडी** ने सूचना का अधिकार के तहत उसके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 30/07/24 में तहसीलदार के आदेश द्वारा ग्राम सेवकी कल्ला में मूल खसरा नम्बर 373, 376, 608, 414 में दिनांक 17/08/1978 के द्वारा माफिक खोला गया बंटवाडा की प्रमाणित प्रति एवं नक्शा की प्रमाणित प्रति एवं अन्य बिन्दुओं से संबधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (**तहसीलदार ओसिया**) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. पक्ष (**तहसीलदार ओसिया**) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो. पक्ष (**तहसीलदार ओसिया**) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (**तहसीलदार ओसिया**) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर–ग्रामीण Signature valid Digitally signed by Gaurav Agrawal Designation: Collector & District Magistrate Date: 2024.10.29 17:48:52 IST Reason: Approved	